तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026

10 चार दिनों से शहर की सफाई नही, जगह...



10 लक्ष्य निर्धारण व परीक्षा की तैयारी के प्रति प्रेरित किया



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** लाखनमाजरा स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लाखनमाजरा निवासी 42 वर्षीय सतीश कुमार के तौर पर हुई है। शव की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस जींद ने शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। लाखनमाजरा निवासी सतीश रविवार को खेतों में पानी लगाने के लिए आया था। उसे कम सुनाई देता था। जब वह लाइन पार करने लगा तो उसी समय ट्रेन भी आ गई थी।

### सिलेंडर-फोन चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने गैस सिलेंडर व फोन चोरी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि बिघाना निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके मकान से चोरों ने गैस सिलेंडर, दो मोबाइल फोन व कुछ अन्य जरुरी सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने नरेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते रामपुरा निवासी राजवीर व हर्ष को गिरफ्तार कर निशानदेही पर गैस सिलेंडर व दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### आईटीआई में आज लगेगा रोजगार मेला

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में पांच मई रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस मेले में तीन बड़ी कंपनियां युवाओं का चयन करने के लिए पहुंच रही हैं। साक्षात्कार की प्रक्रिया सुबह नौ बजे से संस्थान के परिसर में शुरू होगी। तोयोत्सु अंबिका कंपनी को सिलाई तकनीक, ड्रेस मेकिंग और फैशन डिजाइनिंग जैसे ट्रेड के 150 अभ्यर्थियों की आवश्यकता है।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**जींद।** अमरहेड़ी रोड स्थित एक मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने सोने और चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विधवा महिला सीतो देवी ने कहा कि वह कार्यवश कुछ दिनों के लिए अपने परिवार के साथ बाहर गई हुई थी। दो मई को जब उसने अपनी देवरानी को रात के समय फोन करके मकान का ध्यान रखना को कहा तो वह उसके मकान पर गई तो वहां घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था।

### हमला कर चोट मारने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में व्यक्ति को चोटे मारने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस एसएचओ एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एएसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी समाना पंजाब निवासी जरनैल को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव अजीमगढ़ निवासी प्रेमपाल सिंह की शिकायत अनुसार 16 अप्रैल को उसके पिता रणजीत सिंह किसी कार्य से बीडीओ कार्यालय चीका गए थे। इसी दौरान पहले से रंजिश रखने वाले आरोपी गांव अजीमगढ़ निवासी यादवेन्द्र सिंह व अन्य साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से उसके पिता पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया।

### महिला बेटी के साथ नकदी और आभूषण लेकर लापता

**कैथल।** तितरम थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपनी बेटी के साथ नकदी व आभूषण लेकर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति की शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 3 मई की रात जब परिवार सोया हुआ था, उसकी पत्नी और बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गईं।

### नरवाना में 32 एमएम तो सफीदों व पिल्लूखेड़ा में बूंदाबांदी, बिजली गुल होने से उठानी पड़ी परेशानी

# जींद में तूफान व बरसात से टूटे 200 से ज्यादा खंभे व एक हजार से अधिक पेड़

**छह तक मौसम परिवर्तनशील, तापमान में आई गिरावट**

## बिजली और पेयजल स्पलाई प्रभावित, धड़धड़ाते रहे जनरेटर सेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

पश्चिमी विक्षोभ सक्रियता के चलते रविवार रात को तेज तूफान के साथ हुई बारिश ने जहां गर्मी से लोगों को राहत दिलाने का काम किया वहीं तूफान के कारण कई स्थानों पर होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बोर्ड, पेड़ तथा बिजली के पोल टूट कर गिर गए। जिसके चलते बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। जिलाभर में अलग-अलग जगहों पर बिजली के 200 से अधिक पोल टूटे तो लगभग 1200 वृक्ष टूट कर गिरे। जबकि 23 ट्रांसफार्मर डैमेज भी हुए। कुछ स्थानों पर जलभराव भी देखने को मिला। सोमवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री गिर कर 32 डिग्री पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 39 प्रतिशत तथा हवा कि गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। बादलवाई के साथ बूंदाबांदी तथा धूल भरी हवाएं भी चलेंगी। पिछले कुछ दिनों से गर्मी तथा हीट वेव से लोग बेहाल थे। मध्यरात्री मौसम ने करवट ली। जिसके साथ तेज तूफान चली। जिसके कुछ समय के बाद तेज बारिश शुरू हो गई। हालांकि दिनभर आकाश में बादलों को आवागमन लगा रहा। हवा की गति तेज तथा ठंडी रही। रात को अचानक से पहले धूल भरी आंधी आई और फिर तूफान आ गया। जिसमें तापमान में भी कमी ला दी। बीती रात सबसे ज्यादा बारिश नरवाना में दर्ज की गई। जहां पर 32 एमएम बारिश दर्ज की गई। जींद मे 19 एमएम, जुलाना 08 एमएम, उचाना में दो एमएम, अलेवा में 4 एमएम, सफीदों व पिल्लूखेड़ा में बूंदाबांदी दर्ज की गई है।



जींद। शहर में जगह-जगह गिरे वृक्ष।



फोटो :हरिभूमि

### बारिश के साथ आंधी की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार छह मई तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। जिसके चलते धूल भरी हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान आकाश में बादलवाई के बूंदाबांदी तथा धूल भरी हवा चलने की संभावना है। तापमान में गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से चलते मौसम मे बदलाव आया है। छह मई तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान बारिश के साथ धूल भरी हवा की संभावना है।

### बिजली कर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत

बीती रात तूफान तथा बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली पोल तथा पेड़ टूट गए और बोर्ड तथा होर्डिंग उखड़ कर सडकों पर जा गिरे। बिजली गुल हो गई। काफी स्थानों पर तो 12 घंटे बाद भी बिजली बहाल नही हो पाई। जिसका असर पेयजल स्पलाई पर भी पडा। बिजली गुल रहने के कारण जरनेटर धड़धड़ाते रहे। बिजली गुल रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। सोमवार को बिजली कर्मियों को बिजली बहाल करवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।



जींद। सड़क पर तूफान के चलते गिरे पेड़। फोटो :हरिभूमि

### राजौंद सीएचसी में कैमरा व पोल क्षतिग्रस्त

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद परिसर में खड़ा एक सूखा पेड़ बीती रात आए तेज तूफान के कारण अचानक गिर गया। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पेड़ गिरने से उसके पास लगा लोहे का पोल टूट गया। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की तारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और एक कैमरा पूरी तरह टूट गया। घटना के बाद परिसर में कुछ समय के लिए अव्यवस्था का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि रात को आए तेज तूफान के चलते आसपास के कई मार्गों पर भी पेड़ गिरने की सूचनाएं मिली हैं, जिससे यातायात आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। तूफान के साथ हुई हल्की बारिश के कारण मौसम में भी बदलाव देखने को मिला और तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

## विधायक व डीसी-एसपी ने किया राज्यपाल का स्वागत



**पूंडरी।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष सोमवार को रोहतक से चंडीगढ़ जाते समय पूंडरी के लोकनिर्माण विभाग विश्राम गृह मे रुके। जहां विधायक सतपाल जाम्बा, डीसी अपराजिता तथा एसपी मनप्रीत सिंह ने राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष का स्वागत किया। उनके साथ उनकी धर्म पत्नी मित्रा घोष भी मौजूद रही। राज्यपाल ने कैथल जिले के भौगोलिक, कृषि ओर शैक्षणिक विषयो पर चर्चा की ओर जिले मे चल रहे प्रमुख विकास कार्यों बारे जानकारी ली। जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि राज्यपाल महोदय कुछ देर के लिए पूंडरी विश्राम गृह मे रुके थे। उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। फोटो:हरिभूमि

# दूषित पेयजल सप्लाई को लेकर रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कलायत

कलायत शहर में दूषित पेयजल सप्लाई व बदहाल सीवरेज प्रणाली को लेकर सोमवार को युवाओं के सब्र का पैमाना छलक गया। एसडीएम अजय हुड्डा के बार-बार निर्देशों के बावजूद भी समस्या को गंभीरता से न लेने पर लोग ने जन स्वास्थ्य उप मंडल कार्यालय पर धरना देते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की रहनुमाई यादवेंद्र राणा, राजबीर सिंह, राकेश राकू, जस्सी राणा, अजय कुमार, साहिल राणा व दूसरे युवाओं ने की। प्रदर्शन के दौरान अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इसके मद्देनजर प्रदर्शनकारियों ने सीधा उप मंडल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर का रुख किया। इसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया से अन्य विभागों की मौजूदगी जवाबतलबी की गई। युवाओं ने कहा कि गंदे पानी की सप्लाई से लगातार शहर के लोग बीमार हो रहे हैं। स्वच्छ जल की बजाए सीवर का पानी नलों में आ रहा है। सीवर लाइन व मेनहालों की नाजुक स्थिति हैं। गंदा पानी गलियों व घरों में दस्तक दे रहा है।



कलायत में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में प्रदर्शन करते युवा

### जल्द होगा समाधान

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया ने बताया कि संबंधित समस्याओं के समुचित निवारण को लेकर विभाग द्वारा प्रभावी ढंग से कार्य किया जाएगा। पेयजल व सीवरेज से जुड़ी समस्याओं के निवारण के लिए उन्होंने 15 दिन का समय मांगा। इस दौरान टेंडर सहित अन्य विभागीय प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। जबकी जिन समस्याओं का त्वरित तौर से अधिकारियों एवं एजेंसियों के स्तर पर समाधान किया जा सकता है उस पर जल्द कार्य शुरू होगा।

### आरोपितों से 7 किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त बरामद

**राजौंद।** कैथल पुलिस ने राजौंद क्षेत्र से तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपी थार गाड़ी में नशा तस्करी कर रहे थे, जिनके कब्जे से 7 किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रोहताश सिंह की टीम गश्त दौरान राजौंद क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की काले रंग की थार गाड़ी में सवार तीन युवक भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर असंध की तरफ से राजौंद की ओर आने वाले हैं। जिन्हे नाकाबंदी कर काबू किया जा सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते पुलिस टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर बंद पड़े पंजाबी ढाबा राजौंद के पास नाकाबंदी की। कुछ ही समय बाद संदिग्ध थार गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसे पुलिस ने रुकवाकर जांच की।

### जमीनी विवाद को लेकर दरांत से किया हमला

**कैथल।** सीवन के डेरा टुरणा में खेत की जमीन के विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर दरांत से हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में डेरा टुरणा निवासी सूखा सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका भाई बलविंद्र के साथ काफी समय से खेत की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि 1 मई की शाम करीब 6 बजे वह डेरे में घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान बलविंद्र वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर घर के अंदर चला, लेकिन आरोप है कि बलविंद्र बेटे हर्ष और गुरजीत उर्फ निका के साथ घर में घुस आया। सुखा सिंह ने आरोप लगाया कि तीनों ने उसके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोपी बलविंद्र के हाथ में दरात था और उसने उस पर वार किया।

## जनकपुरी कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से मलबे में दबे दो मजदूर

- आस-पास के लोगों ने बचाया अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

करनाल रोड जनकपुरी कॉलोनी में सोमवार को निर्माणाधीन मकान में दुकान की छत गिरने दो मजदूर मलबे में फंस गए। गनीमत रही कि मजदूरों ने एकदम से खुद का बचाव कर लिया और छत गिरते समय दीवारों की तरफ हो गए, जिससे कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। यह हादसा शाम को करीब चार बजे हुआ। मजदूर मकान की छत पर लोहे के गार्डर रखकर उन पर लकड़ी की फट्टियां लगाने के बाद मिट्टी डाल रहे थे। ढांचा कमजोर होने के कारण पूरी छत नीचे गिर गई। आसपास के लोगों ने जैसे ही घटना को देखा तो वे तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। मजदूरों को पास के एक अस्पताल में ले जाकर उपचार करवाया गया। मजदूरों ने छत गिरने का कारण पुराने लोहे का गार्डर बताया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी मंजीत ने बताया कि छत अचानक से गिरी। उस समय दो मजदूर काम कर रहे थे। आसपास के लोगों ने बाहर निकाला व उपचार करवाया। मजदूरों को सिर और अन्य जगहों पर चोटें लगी हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना एसएचओ रामनिवासी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गिरी हुई छत का जायजा लिया। सिविल लाइन थाना एसएचओ रामनिवास ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। किसी मजदूर को ज्यादा गंभीर चोटें नहीं आई हैं।



### अभियान चलाकर 90 वाहनों के चालान काटे

**कैथल।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 3 मई तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम ने गलत लेन में वाहन, लाल नीली लाइट इस्तेमाल व नशा कर वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 46, ध्वनि प्रदूषण करने का 6, लाल नीली लाइट इस्तेमाल के 1 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 37 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी।

## सड़क हादसे में मलेशिया से लौटे युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

कौल-घेरड़ू रोड पर दो दिन पहले ही मलेशिया से लौटे 34 साल के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की पहचान धेरड़ू निवासी संजू के रूप में हुई है। संजू करीब एक साल से मलेशिया में काम कर रहा था और 30 अप्रैल को ही घर लौटा था। ढांड थाना पुलिस को दी शिकायत में मृतक के छोटे भाई रवि दहिया ने बताया कि वह ढांड में मजदूरी करता है। रविवार दोपहर करीब 2:45 बजे पत्नी निशा का फोन आया कि संजू कुमार का गांव कौल से घेरड़ू रोड पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा, जहां काफी लोग जमा थे। रवि ने बताया कि मौजूद प्रत्यक्षदर्शी कृष्ण निवासी सुनहेड़ी खालसा ने बताया कि छोटा हाथी के चालक ने गलत दिशा में लापरवाही से वाहन चलाते संजू की बाइक में टक्कर मार दी। घायल को तुरंत निजी वाहन से सरकारी अस्पताल कैथल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी रामनिवास ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निजी स्कूल की मान्यता न मिलने पर जारी किया बंद करने का नोटिस

# बिना मान्यता के स्कूलों पर शिक्षा विभाग गिरा रहा गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जींद में जो स्कूल बिना नियमों के चल रहे है उन पर शिक्षा विभाग के अधिकारी कड़ी कार्रवाई अमल में ला रहे है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जींद ने तो ऐसे स्कूलो पर कार्रवाई की गाज भी गिराना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में जींद शहर के रोहतक रोड स्थित निजी स्कूल की दीवार पर उसे बंद करने का नोटिस भी चस्पा दिया गया है। इस नोटिस में खंड शिक्षा अधिकारी की और से कहा गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जींद के पत्र क्रमांक जी.2026.636 की अनुपालना में निजी स्कूल के पास किसी प्रकार की कोई मान्यता व कोई दस्तावेज न होने के कारण विद्यालय को बंद किया जाता है। निजी स्कूल को बंद करने के इस नोटिस के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी यानि बीईओ सरोज श्योकंद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनेको स्कूलों की सूची आई हुई है। जो स्कूल अवैध तरीके से चल रहे है उन पर कार्रवाई सुनिश्चित है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अम्बिका स्कूल की करीब 70-80 अभिभावकों ने शिकायत की थी। शिक्षा विभाग के अलावा समाधान शिविर में भी इस स्कूल द्वारा एसएलसी जारी न करने की शिकायतें पहुंची हुई थी। विभाग की कमेटी ने जब शिकायतों को लेकर पड़ताल की तो अंबिका स्कूल के पास कोई मान्यता नहीं मिली। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की और से कार्रवाई के लिए कहा गया था।



बीइओ कार्यालय जिसके द्वारा बिना मान्यता के स्कूलों पर कार्रवाई शुरू की है।

### निर्देशों की पूरी गंभीरता से पालना होगी

खंड शिक्षा अधिकारी सरोज श्योकंद ने कहा कि किसी भी स्कूल को बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जायेगी। स्कूल चलाने से पहले हर कोई मान्यता व अन्य औपचारिकताए पूरी करें। खंड शिक्षा अधिकारी जींद ने कहा कि स्कूलो में व्यवस्था और छात्रों की सुविधा के लिए शीर्ष अधिकारियों के निर्देशों की पूरी गंभीरता से पालना होगी।

### पिता का दोस्त बनकर छात्रा से 1.7 लाख ठगे

**कैथल।** शहर के देवीगढ़ रोड स्थित सुभाष नगर में एक छात्रा से उसके पिता का दोस्त बनकर 1.7 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। छात्रा की शिकायत पर साइबर थाना कैथल ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर निवासी छात्रा सिमरन ने बताया कि वह आरकेएसडी कॉलेज से बीएससी की छात्रा है। 26 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को उसके पिता परमजीत का दोस्त मनोज बताया और कहा कि उसके पिता ने 90 हजार रुपए भेजने को कहा है। आरोपी ने पहले गूगल पे पर रकम भेजने के फर्जी मैसेज किए। पहले 10 रुपए, फिर 10 हजार और बाद में 20 हजार रुपए भेजने का मैसेज दिखाया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि गलती से ज्यादा पैसे भेज दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी की घटनाओं में हजारों का माल चोरी

**जींद।** जिले में चोरी की चार अलग-अलग घटनाओं में चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना सदर थाना क्षेत्र के तहत अनाज मंडी दनौदा से चोरों ने एक दुकान से 15-16 गेहूं के बैग चोरी कर लिए। दुकान मालिक विमल जैन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी अनाज मंडी दनौदा में दुकान है। चोरों ने एक और दो मई की मध्य रात्रि में करीब 16 बैग गेहूं चोरी कर लिए। पुलिस ने विमल जैन की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जागरण में चोरी का आरोपित काबू

**जींद।** थाना शहर नरवाना पुलिस ने जागरण में चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि पंजाबी चौक नरवाना निवासी ललित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 28 अप्रैल को उनके घर पर जागरण के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 37 हजार रुपये की नगद चोरी कर लिए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पशुओं से दुर्घटना में आर्थिक सहायता का प्रावधान : मल्होत्रा

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि सड़कों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु 2 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने आवारा पशुओं से हुई दुर्घटना के पीड़ित लोगों से सरकार की दयालु 2 योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दयालु 2 योजना पोर्टल का सरलीकरण भी किया गया है ताकि पात्र परिवारों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।

### जींदः महाराजा अग्रसेन विद्यालय में रैड-डे मनाया

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन विद्यालय में कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा तक रैड डे मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बाल गोपाल लाल परिधानों में सज कर आए। इसके साथ ही तीसरी व चौथी कक्षा के बच्चों की आर्ट व क्राफ्ट प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने बैस्ट आउट आफ वेस्ट बनाया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि लाल रंग ऊर्जा, प्रेम और उमंग का प्रतीक है। रैड डे हमें जीवन की उमंग और खुशी याद दिलाता है। प्रिंसिपल रीटा ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता है।

### मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**उचाना।** नगर पालिका इकाई राज्य कमेटी के आह्वान पर उचाना नगर पालिका सफाई कर्मियों ने सोमवार को मांगों को लेकर प्रदर्शन कर हड़ताल रखी। लगातर चौथे दिन कर्मचारियों ने नारेबाजी कर रोष प्रकट कर धरना दिया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन बहाल करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेकेदारी प्रथा बंद करना, आबादी के आधार पर नियुक्ति आदि मांगे है। कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों के हितों में कार्य नहीं कर रही है। इस शीला प्रधान, राजेश ढिलौड़, सतपाल, ओमपति देवी, सुरजी देवी, राजकली, संतरो मौजूद रही।

### साढ़े छह लाख रुपये की धोखाधड़ी, केस

**जींद।** सफीदों खंड के गांव मुआना में सुनार की दुकान करने वाले एक व्यक्ति ने गांव के ही एक व्यक्ति से सोने के आभूषण बनाने के नाम पर साढ़े छह लाख की धोखाधड़ी कर दी। सफीदों सदर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपित उसके भाई और उसकी मां के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव के नरेंद्र कुमार ने कहा कि सतीश गांव में ही सोने व चांदी के गहने बनाने का कार्य करता है। नरेंद्र ने अपनी लड़की की शादी के लिए गहने बनवाने थे। सतीश ने गहने तैयार करने से पहले रकम मांगी थी।

# अब पीएचसी लजवाना कलां में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी

## सीएमओ ने पीएचसी में जांची स्वास्थ्य सुविधाएं, डॉक्टर की रिक्त पोस्ट के लिए डेपूटेशन के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) लजवाना कलां में स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुमन कोहली ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब पीएचसी लजवाना कलां में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को रात के समय भी तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। सीएमओ ने सबसे



जींद। पीएचसी लजवाना में हाजिरी रजिस्टर को देखते सीएमओ डा. सुमन कोहली।



जींद। ऑनलाइन प्रणाली को देखते सीएमओ। फोटो :हरिभूमि

पहले हाजिरी रजिस्टर की जांच की और स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर उपचार की गुणवत्ताए दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों के व्यवहार के बारे में पूछताछ की। मरीजों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया लेकिन कुछ कमियों को भी तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खुशी की बात यह रही कि पीएचसी लजवाना कलां को नई डेंटल चेयर प्राप्त हुई है। अब यहां दांतों के उपचार की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। यहां दंत चिकित्सक डा. मोनिका कार्यरत हैं। नई चेयर मिलने से स्थानीय स्तर पर ही दांत निकालने, भरने और अन्य छोटी-मोटी डेंटल प्रक्रियाएं आसानी से हो सकेंगी। सीएमओ ने डेंटल यूनिट को तुरंत चालू करने और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएचसी में डॉक्टर की रिक्त पड़ी पोस्ट को भरने के लिए सीएमओ ने डेपूटेशन के माध्यम से डॉक्टर तैनात करने के निर्देश जारी किए।

### ग्रामीण स्वास्थ्य को मजबूती

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि लजवाना कलां में नई पीएचसी बनी है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लजवाना कलां जैसे केंद्रों को 24 घंटे कार्यशील बनाने से आपातकालीन सेवाएं बेहतर होंगी। उन्होंने स्टाफ को साफ.-सफाई, दवा वितरण और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी।




जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

# आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

- समाधान शिविर में उपायुक्त नें सुनी नागरिकों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आमजन की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में 30 शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध निपटान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविर सरकार की जनहितकारी पहल का अहम हिस्सा हैं। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां, अवैध कब्जे, निर्माण कार्यों में अनियमितताएं और पारिवारिक विवाद आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखी। सफीदों निवासी जिलेसिंह ने अपनी कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करवाने संबंधी मांग रखी। गांव कालवा निवासी विनोद ने सिंचाई व्यवस्था से जुड़े अधूरे पड़े खाल के निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। गांव भुरायण निवासी वीरेंद्र ने गांव में निर्माणाधीन कॉम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य को शीघ्र एवं सुचारू रूप से पूर्ण करवाने की प्रार्थना की। वहीं गांव बहबलपुर निवासी कुलदीप ने गांव की कच्ची पड़ी आम व सदर गली को पक्का करवाने संबंधी मांग प्रशासन के समक्ष रखी। इसके अलावा आशरी गेट, बाजरान मोहल्ला के स्थानीय निवासियों ने सरकारी भूमि से संबंधित अतिक्रमण हटवाने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारू करवाने संबंधी शिकायत रखी। शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## नगर परिषद कार्यालय परिसर में कर्मचारियों की हड़ताल जारी

# चार दिनों से शहर की सफाई नही, जगह-जगह कचरे के ढेर

## सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी के ढेरों से उठने वाली बदबू से आमजन बेहाल

**तूफान से उड़ी धूल व मिट्टी सड़कों पर जमा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद कार्यालय परिसर में सफाई कर्मचारियों की हडताल सोमवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गई। हडताल की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान सुनील कुमार ने किया। इस दौरान कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पिछले चार दिन से शहर की सफाई न होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं और प्रशासन भी वैकल्पिक व्यवस्था नही कर पा रहा है। जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर से प्रतिदिन सवा सौ टन कचरा निकलता है। पिछले चार दिनों से कचरे का उठान व कचरे वाली गाड़ी न आने के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर पिछले चार दिनों से जारी गतिरोध के बीच सोमवार को सकारात्मक मोड़ आया है। अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि डा. राज सैनी से मुलाकात की और उन्हें अपना मांग पत्र सौंपा। हड़ताल के बीच डा. राज सैनी ने स्वयं सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही उनकी लंबित मांगों के निवारण के लिए सीएम नायब सैनी से मुलाकात करेंगे। प्रशासन कर्मचारियों की मांगों के प्रति गंभीर है और वे स्वयं पैरवी कर इनका समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र कुमार ने इस मुलाकात के बाद कहा कि वे चेयरपर्सन प्रतिनिधि के आश्वासन से संतुष्ट हैं।



जींद। नगर परिषद में मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी।



जींद। नगर परिषद में मांगों को लेकर नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी।

### हड़ताल के चलते नही लगी शहर की गलियों में झाड़ू

हड़ताल के कारण शहर की गलियों और मुख्य बाजारों में झाड़ू नहीं लगी है। भीषण गर्मी के बीच जगह-जगह कचरे के पहाड़ खड़े हो गए हैं। जिससे उठने वाली दुर्गंध ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है। स्थानीय लोगों को डर है कि यदि जल्द ही कचरा नहीं उठाया गया तो यह भीषण गर्मी में किसी बड़ी महामारी का कारण बन सकता है। हालांकि सफाई कर्मचारियों ने अब हड़ताल को बुधवार तक बढ़ाने का फैसला किया है। कर्मचारी न केवल दिन में धरना दे रहे हैं बल्कि रात के समय भी परिषद कार्यालय में डटे हुए हैं। इस अवसर पर उपप्रधान प्रतिनिधि हरीश कौशिक, नगर पार्षद बलबीर श्योराण, महावीर रेढू, सतीश हरियाणवी, सुनील कुमार, हरीश अरोड़ा सहित कर्मचारी संघ के अधिकारी सोहन और सुरजीत, जयभगवान, संदीप मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर नपा कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन

**राजौंद।** नपा कर्मचारी संघ हरियाणा (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के आह्वान पर सोमवार को नगर पालिका राजौंद के कर्मचारियों ने हड़ताल करते हुए पालिका गेट पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान संदीप कुमार ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सचिव रोहतास ने किया। धरने को संबोधित करते हुए संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस ब्लॉक प्रधान राजकुमार कश्यप और ब्लॉक सचिव विनोद कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण नीति अपना रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2024 में जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26,000 रुपये तथा शहरी कर्मचारियों को 27,000 रुपये वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि रोहतक में सभी विभागों के कच्चे कर्मचारियों की संयुक्त राज्य स्तरीय बड़ी कन्वेंशन आयोजित कर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

### मच्छरजनित बीमारियों से बचाव बारे जागरूक किया

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत गांव खरकरामजी में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गांव के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। इस दौरान बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी रक्त पट्टिकाएं बनाई गई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में नुक्कड़ सभाएं कर लोगों को मलेरिया, डेंगू और बीमारियों के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



जींद। ओपीडी स्लिप के लिए लाइन में लगे मरीज। फोटो :हरिभूमि

### जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचे 1673 मरीज

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हर सोमवार को मरीजों की भीड़ उमड़ती है और ओपीडी दो हजार तक पहुंच जाती है। इस सोमवार को 1673 मरीज ही पहुंचे। इसमें जरनल मेडिसिन विभाग में 404 मरीज पहुंचे। वहीं यदि एक चिकित्सक की ओपीडी की बात करें तो सबसे ज्यादा हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संतलाल ने सबसे ज्यादा 247 मरीजों की ओपीडी की। सोमवार को नागरिक अस्पताल में 1673 मरीज पहुंचे। इनमें से आयुर्वेद विभाग में 49, दंत विभाग में 174, डाइटिशियन सात, ईएनटी 42, इमरजेंसी में एक, जरनल मेडिसिन 404, जरनल सर्जरी विभाग में 47, होम्योपैथी विभाग में 61, महिला विभाग में 218, नेत्र रोग विभाग में 168, हड्डी रोग विभाग में 247, बाल रोग विभाग में 93, फिजियोथेरेपी में पांच व मनोरोग विभाग में 157 मरीज आए। सोनिया ने बताया कि सोमवार को अस्पताल में भीड़ होने से कुछ परेशानी जरूर हुई। अस्पताल में ओपीडी के बाहर कुर्सियां लगाई है। इससे बुजुर्ग लोगों को बैठने की सुविधा मिलती है। इसलिए आराम से बैठकर नंबर का इंतजार करने से ज्यादा परेशानी नहीं होती है।

### डिप्टी स्पीकर ने पार्क में ओपन जिम का किया उद्घाटन

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को गति देने के उद्देश्य से चालू वर्ष को विशेष रूप से जींद के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए समर्पित किया है। दौरान शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सार्वजनिक स्थलों की खूबसूरती बढ़ाने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह जींद को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शहर के वार्ड नंबर 17 स्थित ढाबा पार्क में आधुनिक ओपन जिम का उद्घाटन करने के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद रामराय गांव में जनसभा को संबोधित भी किया तथा गांव द्वारा रखी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि ओपन जिम क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। बताया कि पार्क में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ शौचालय का भी निर्माण करवाया जाएगा।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

### दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**जींद।** जिला समन्वयक एफएलएन कार्यालय में सोमवार को एफएलएस के सफल आयोजन को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में जिले के सभी 25 एफआई (फील्ड इंवेस्टिगेटर ) ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन डाइट ईक्कस की प्रिंसिपल मुन्नी देवी ने किया। सभी एफआई को संबोधित करते कहा कि एफएलएस के सफल संचालन के लिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और जि मेदारी के साथ कार्य करना होगा। कहा कि यह अध्ययन बच्चों की बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को समझने और सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुन्नी देवी ने बताया कि एफएलएस के सुचारू संचालन के लिए ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई है। ये ऑब्जर्वर तय विद्यालयों में रह कर मूल्यांकन प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे और रिपोर्ट गूगल लिंक के माध्यम से एससीईआरटी व एनसीईआरटी को भेजेंगे। जिले के कुल 23 विद्यालयों में एफएलएस का मूल्यांकन किया जाएगा। कहा कि पारदर्शिता व निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी ऑब्जर्वर को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। डाइट ईक्कस से सीएमडीए के इंचार्ज डा. जगमेन्द्र ने बताया कि डाइट की ओर से सभी 23 विद्यालयों को सूचना भेज दी गई है ।

## मोतीलाल स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सत्र

# लक्ष्य निर्धारण व परीक्षा की तैयारी के प्रति प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगाना और उन्हें एकाग्रता, लक्ष्य निर्धारण तथा परीक्षा की तैयारी के प्रति प्रेरित करना था। इस महत्वपूर्ण सत्र का संचालन प्रख्यात मार्गदर्शक पवन आचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अनुभव और प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई के महत्व को समझाया बल्कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सही दिशा भी दिखाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में हुई। जहां सभी 12वीं के विद्यार्थी उत्साह के साथ उपस्थित रहे। सत्र के दौरान पवन आचार्य ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटकना एक सामान्य समस्या है। जिसका मुख्य कारण मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और समय प्रबंधन की कमी है। पवन आचार्य ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि यदि वे अपने जीवन में कुछ बड़ा करना चाहते हैं तो उन्हें अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने होंगे। उन्होंने कहा कि जिस विद्यार्थी का लक्ष्य स्पष्ट होता है, उसका मन स्वतः ही पढ़ाई में लगने लगता है। उन्होंने बच्चों को समय का सही उपयोग करने की सलाह दी और बताया कि नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करने के कई आसान और प्रभावी तरीके भी बताए। जैसे कि छोटे-छोटे लक्ष्य बनाना, पढ़ाई के बीच-बीच में ब्रेक लेना, कठिन विषयों को सरल तरीके से समझना और सकारात्मक सोच बनाए रखना। उन्होंने यह भी कहा कि हर विद्यार्थी में कुछ विशेष प्रतिभा होती है।



जींद। काउंसलिंग करते पवन आचार्य। फोटो :हरिभूमि

### मानसिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी

आचार्य ने सभी प्रश्नों का सरल और संतुलित उत्तर दिया तथा विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि असपुलता से डरना नहीं चाहिए बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढना चाहिए। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि काउंसलिंग सत्र विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। उन्होंने कहा कि केवल किताबों का ज्ञान ही पर्याप्त नही है बल्कि विद्यार्थियों का मानसिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है।




जींद। जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद किसान व कृषि अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त उर्वरक का चयन करें

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र जींद द्वारा गांव लखमीरवाला में किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डा. धीरज पंघाल द्वारा किया गया। अभियान के दौरान डा. पंघाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती लागत और घटती मिट्टी की उर्वरता को देखते संतुलित उर्वरक प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि केवल एक या दो प्रकार के रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर नाइट्रोजन का अत्यधिक उपयोग फसल उत्पादन को लंबे समय में नुकसान पहुंचाता है और मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बिगाड़ देता है। उन्होंने किसानों को 4 सिद्धांत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सिद्धांत के अनुसार सही फसल और मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त उर्वरक का चयन करें। मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक की संतुलित मात्रा का उपयोग करें। फसल की वृद्धि अवस्था के अनुसार उचित समय पर उर्वरक डालें। उर्वरक का सही तरीके से उपयोग करें ताकि उसका अधिकतम लाभ मिल सके और नुकसान कम हो।

## खबर संक्षेप

### ऋण मोचन कुटिया में किया पौधरोपण

**सीवन।** समाजसेवी अभिषेक मेहता ने ऋण मोचन कुटिया पहुंचकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कुटिया के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे लगाए गए, जिससे परिसर की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान कुटिया के पुजारी सुभाष शर्मा ने अभिषेक मेहता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखने में सहायक हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

### किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में तीन पर केस

**कैथल।** चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव में एक किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। गांव के ही रहने वाले तीन युवकों पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगा है। इस संबंध में किशोरी की लड़की की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 3 मई को शाम के समय दुकान से घर का सामान लेने के लिए जा रही थी। इस दौरान गांव के ही तीन लड़कों ने उसका रास्ता रोक लिया और अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसके साथ छेड़खानी करने लगे। आरोपियों ने जबरदस्ती उसका हाथ पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। लड़की बड़ी मुश्किल से आरोपियों के चंगुल से खुद को छुड़ाकर घर की तरफ आई।

### जिले में सुचारू रूप से चल रहा हाउस लिस्टिंग कार्य

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और जिले में हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना कार्य सुचारू रूप से जारी है। इस कार्य को समयबद्ध पूरा करने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक घर तक पहुंच बनाकर सटीक आंकड़े एकत्रित करें। उन्होंने बताया बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं और नीतियों का निर्माण किया जाता है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

## मांगें पूरी न होने की दशा में आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

# नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**बातचीत के माध्यम से जायज मांगों का समाधान किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर घोषित दो दिवसीय हड़ताल को बढ़ाकर 5 मई तक कर दिया गया है। हड़ताल के चौथे दिन नगर पालिका चीका के पेरोल सफाई कर्मचारी और डोर-टू-डोर कर्मचारी पूरी तरह से हड़ताल पर रहे।

आज की हड़ताल की अध्यक्षता यूनियन के ब्लॉक प्रधान पिरथी राम ने की, जबकि मंच का संचालन वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी ने किया। हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक कमेटी चीका के प्रधान पवन शर्मा, ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन के राज्य नेता अभिषेक शर्मा और रिंकू विशेष रूप से पहुंचे।

प्रधान पवन शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, नगर पालिका कर्मचारी संघ की हड़ताल का पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बातचीत के माध्यम से पालिका, परिषद, निगम और फायर कर्मियों की जायज मांगों का समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा शहर में प्रदर्शन भी किया जाएगा। वहीं, ब्लॉक प्रधान पिरथी राम ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण पालिका, परिषद और निगम में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों, विशेषकर डोर-टू-डोर कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। उन्हें बेहद कम वेतन दिया जा रहा है, जबकि वे सबसे कठिन कार्य करते हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार ठोस नीति बनाकर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे और माननीय उच्च न्यायालय के 28 व 31 दिसंबर 2025 के फैसलों को लागू किया जाए। इस अवसर पर डोर-टू-डोर कर्मचारी गोपाल, रिंकू, जॉनी, काला, गोलू तथा पेरोल कर्मचारी सुखविंदर, शंकर, विक्रम, रामनिवास, सागर, सुदेश, रानी, पालो, पिंकी, सुमन और कृष्णा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।


गुहला चीका। धरने पर नारेबाजी करते पेरोल व डोर-टू-डोर कर्मचारी।



कैथल। हडताल के दौरान नारेबाजी करते नपा कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

### कलायत में भी कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन



**कलायत।** कलायत नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों का अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि समय रहते उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो यह हड़ताल अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ाई जाएगी। शहर में फैल रही गंदगी और आम जनता को होने वाली परेशानियों के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि मौजूदा सरकार ने अपने शासनकाल में एक भी सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं किया। कांग्रेस सरकार के समय बनाई गई कर्मचारी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अब हट चुकी है। `किन बदले में उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। कर्मचारियों ने मुख्य रूप से सभी को पक्का करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, डोर-टू-डोर कर्मचारियों को पैरोल पर लेने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होती,उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### हड़ताल को सफल बनाने पर रणनीति

**कैथल।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद कैथल के कर्मचारियों ने सोमवार को हड़ताल करके नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया । हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। नवम्बर 2024 को जींद में महर्षि वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस पर मुख्य मन्त्री नायाब सैनी, मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारी को 26,000 और शहरी सफाई कर्मचारी को 27,000 वेतन देने की घोषणा की गई थी, परन्तु आज तक कर्मचारियों के वेतन मे बढोत्तरी नहीं की। 8 फरवरी 2023 में सरकार ने अनंदोलन के दवाब मे पे रोल के कर्मचारियों को पक्का करने का पत्र जारी किया था की कमेटी बनाकर कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा, परन्तु भाजपा सरकार ने उसे आज तक पूर्ण रूप से लागू नही होने दिया और अपने 11 साल के कार्यकाल मे आज तक एक भी सफाई सीवर के कर्मचारी पक्का नहीं किया ।

## फायर कर्मियों के समर्थन में उतरी हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन


कैथल। दमकल कर्मचारियों के समर्थन में ज्ञापन सौपते रोडवेज कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन द्वारा कैथल डिपो में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी साथीयों के समर्थन में ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के डिपो प्रधान अमित कुमार कुंडू की अध्यक्षता में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसका संचालन कृष्ण गुलियाना ने किया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन में कठोर निर्णय लिया गया कि हरियाणा सरकार अग्निशमन (दमकल) विभाग के कर्मचारियों के साथ जो अन्याय पूर्ण व्यवहार करते हुए हड़ताल को कुचलना चाहती हैं और इसके लिए मुख्य रूप से उदाहरण के तौर पर हरियाणा रोडवेज के चालकों को बुलाने के पश्चात विभाग का कार्य संतोष पूर्ण चलाना चाहती है हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन किसी भी सूरत में इन कर्मचारियों के साथ होने वाले अन्याय एवं उत्पीड़न को सहन नहीं करेगी। मीडिया में प्रेस बयान जारी करते हुए डिपो प्रधान अमित कुमार, डिपो सचिव कृष्ण गुलियाना, राज्य उप प्रधान विक्रम गुहणा द्वारा कठोर निर्णय लेते हुए बताया कि अग्निशमन दमकल विभाग में काम करते हुए सोनिपत में रोडवेज कर्मचारी को पैरों में फ्रेक्चर हुआ है इसका अग्निशमन दमकल विभाग द्वारा इलाज का पूर्ण रूप से वहन किया जाए,दमकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा काफी लंबे समय पूर्व में सरकार को चेताते हुए मांग की गई थी कि फरीदाबाद में हुए औद्योगिक क्षेत्र में अग्निकांड के दौरान जो दो कर्मचारी शहीद हुए उन कर्मचारियों के आश्रितों को एक-एक करोड रुपए मुआवजा एवं परिवार में पालन पोषण करने के लिए एक-एक सरकारी पक्की नौकरी दी जाए एवं कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस की तर्ज पर 5000 रूपए प्रत्येक माह वेतन के साथ जोखिम भत्ते का लाभ दिया जाए, सभी कर्मचारियों को समय पर मेडिकल भत्ते का लाभ दिया जाए एवं पूर्ण रूप से कर्मचारियों को पक्के कर्मचारी का दर्जा, वर्दी भत्ता ,धुलाई भत्ता ,पुरानी पेंशन का लाभ आदि समय पर दिए जाएं अपितु सरकार बार-बार यूनियन नेताओं एवं कर्मचारियों से वार्ता करने के पश्चात अपने कदम पीछे हटा रही है और मानी गई मांगों को लागू भी करने से पीछे करना तो दूर विभाग में सुचारू रूप से कार्य चलता रहे इसे देखते हुए हरियाणा राज्य परिवहन के चालकों को अग्नि समन यंत्र चलाने के लिए बुला रही है, जब के हरियाणा राज्य परिवहन के कर्मचारी जनता की सेवा मार्गो पर देने में भी कम पड़ रहे हैं और विभाग पक्की भर्ती करने से पीछे हट रहा है।


कैथल। नसीसी कैडेटस का चयन करते हवलदार संजय कुमार व सार्जेंट देवेंद्र सिंह।

## जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी कैडेट्स का चयन

**कैथल।** जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र द्वारा नए कैडेट्स के नामांकन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर एनसीसी में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। एनसीसी में नामांकन की प्रक्रिया में कुल 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बटालियन से आए सैन्य अधिकारियों हवलदार संजय कुमार व सार्जेंट देवेंद्र सिंह की देखरेख में छात्रों की लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण और साक्षात्कार लिया गया। कड़े मापदंडों के आधार पर योग्य 50 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जो आगामी वर्षों में एनसीसी के 'ए' सर्टिफिकेट के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। एनसीसी इंचार्ज मुनीष ने नव-चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह संगठन युवाओं को केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि जीवन में 'एकता और अनुशासन' के मंत्र को उतारना भी सिखाता है।

## बार और बेंच एक गाड़ी के दो पहिए, एक दूसरे के सहयोग से मिलेगा सुलभ न्याय

■ बार रूम में नव नियुक्त तीन जजों के सम्मान में स्वागत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। संदीप शर्मा के दोबारा प्रधान पद ग्रहण करने पर स्वागत करते हुए वकील।

जिला बार एसोसिएशन की ओर से आज बार रूम में नव नियुक्त तीन जजों के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। नए जजों में एडीजे राजीव गोयल, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट अजय कुमार वर्मा और सीजेएम अपर्णा भारद्वाज शामिल हैं। सबसे पहले यहां पहुंचने पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, पूर्व प्रधान रणबीर पाराशर और पूर्व सचिव सचिन सिंघल ने उनका पुष्प देकर स्वागत किया। इस मौके पर सैशन जज कंचन माही, एडीजे अनुपमिश मोदी, नंदिता कौशिक, मोहित अग्रवाल, एसीजेएम अमनइंद्र सिंह, विरेन कादयान, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार, जेएमआईसी अंकिता महाजन, संदीप कौर, तुषार शर्मा, प्रिंस कुमार, माधव मित्तल, साक्षी मैंगी, जसमीन कौर, गुंजन ठाकुर सहित वकील भी उपस्थित रहे। नव नियुक्त जजों ने वकीलों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने और सहयोग की बात कही। कहा कि बार और बेंच एक गाड़ी के दो पहिए ताल-मेल से मिलेगा सुलभ न्याय। सैशन जज कंचन माही ने अपने संबोधन में बार के साथ पहले की तरह मधुर संबंधों की बात कही।

## न्यूज डायरी




### किसान गोष्ठी में दी उन्नत फसलों की जानकारी

**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल द्वारा सोमवार को गांव देवीगढ़ में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा धान की सीधी बिजाई के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। गोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग पर चिंता जताते हुए किसानों को संतुलित और वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से जहां भूमि की उर्वरता घट रही है, वहीं खेती की लागत भी बढ़ रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गोबर की खाद, हरी खाद, फसल अवशेष और वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग बढ़ाएं, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा।



### शिविर में एसडीएम ने सुनीं आमजन की शिकायतें

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान में काफी कारगर साबित हो रहे है। आम नागरिक इन शिविरों के आयोजन से काफी खुश है। सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों में लोग जहां अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा रहे है, वहीं उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त हो रही है। सोमवार को उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एसडीएम ने लोगों एक-एक कर शिकायतें सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



### बिजली कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

**राजौंद।** सोमवार को बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के अध्यक्षता सब यूनिट सिनियर वाइस प्रेसिडेंट कुलदीप ने की जबकि संचालन सब यूनिट कैशियर रोहतास शर्मा ने किया। इस रोष स्वरूप गेट मीटिंग में प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने चार्जशीट व अपनी जायज मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया व उच्च अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने मांगे न माने जाने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी भी दी। इस दौरान सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान प्रवीण,अश्विनी ढांडा,रोहतास शर्मा, विकास, मनोज, गुरदेव,जगवीर,नीरू, जसबीर,कृष्ण आदि रहे।



### खाटू श्याम-सालासर यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

**सीवन।** श्री बाबा खाटू श्याम परिवार, सीवन द्वारा आयोजित 23वीं दो दिवसीय धार्मिक बस यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न होकर श्रद्धालु सकुशल वापस लौट आए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम धाम व सालासर बालाजी धाम में दर्शन कर आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा का अनुभव किया। श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और बाबा श्याम के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर के बाहर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। महिला मंडल की सदस्य मधु कंसल व वीना मेहता ने भक्ति रस से भरे भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरे वातावरण में भक्ति की अनूठी अनुभूति देखने को मिली। समिति के प्रधान संजय कंसल, सोनू सैनी ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन व ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई थी।

# डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच हैं। शिविर में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका तय अवधि में निपटान किया जाए और समाधान के बाद तुरंत एटीआर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। डीसी अपराजिता सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी रहीं थीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं, जिनमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की समस्याएं प्रमुख रहीं। ग्राम पंचायत हरसोला की ओर से सीवरेज व गंदे पानी की निकासी की समस्या उठाई गई, जिससे करीब 150-200 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। डीसी ने संबंधित विभाग को इस समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में कई अन्य महत्वपूर्ण शिकायतें भी आईं।



कैथल। वार्ड 5 में मोबाइल वैन से उपचार लेते कस्बावासी। फोटो :हरिभूमि

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने 110 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं, चेकअप की दी दवाइयां

**कैथल।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में कैथल विधानसभा क्षेत्र के सिरटा रोड़ स्थित वार्ड नंबर 5 में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविरों के दौरान चिकित्सक टीम ने 110 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके साथ ही 9 लोगों को रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर राजकली पार्षद वार्ड नंबर 5, बलदेव पूर्व पार्षद, सतपाल, बलवान फौजी, हल्का प्रभारी अरविंद गोलन और डॉ बलविंदर संधू उपस्थित रहे।

## एनसीसी जूनियर विंग भर्ती प्रक्रिया में जांची विद्यार्थियों की दक्षता


सीवन। एनसीसी जूनियर विंग भर्ती प्रक्रिया में जाँच करते अधिकारी व भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**सीवन।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में कक्षा आठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों के लिए एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) की जूनियर विंग हेतु भर्ती प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा की भावना को विकसित करना रहा। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थियों की चिकित्सीय जांच, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया, जिससे योग्य एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी के दो सिपाही विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने चयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सभी परीक्षाओं में भाग लिया।


कैथल। फेडरेशन ऑफ़ वेटरंस एसोसिएशन की बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक।

## फेडरेशन ऑफ़ वेटरंस एसोसिएशन की हुई बैठक

**कैथल।** राज्य व केंद्र के पदाधिकारी ने फेडरेशन ऑफ वेटरंस एसोसिएशन के बैनर तले, वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां, आठवें वेतन आयोग के रखे बिंदुओं, ईसीएचएस पॉलिक्निक ,सीएसडी कैंटीन इतियादि अन्य समस्याओं एवं संगठन के तालमेल बारे विस्तार से विचार विमर्श किया। एसोसिएशन अध्यक्ष सूबेदार अर्जुन सिंह राठौड़ व केंद्र के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे, मंच संचालन दादरी प्रधान सोम वीर शर्मा ने किया। जी आर वेंक्टस हॉल दादरी में 4 घंटे तक बैठक चली इसमें सभी पदाधिकारी ने अपने विचार रखें और सभी पर विचार विमर्श विस्तार से किया। हरियाणा की तरफ से पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल प्रधान जगजीत फौजी ने फेडरेशन के पदाधिकारी के सामने कुछ केंद्र व राज्य स्तर की समस्याओं बारे सरकार से अपनी मांगे रखना के लिए कहा कि जैसे की ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में जब पूर्व सैनिकों के आश्रित अपना कार्ड का नवीनीकरण करवाते हैं तो 9 हजार रुपए व जिला सैनिक बोर्ड में नवीनीकरण की छह हजार रुपए की मासिक आय की शर्त रखी जाती है कि, इसे ज्यादा ना हो जो की एक बीपीएल कार्ड धारक से भी कम है, अग्नि वीर योजना पर कहा कि पहली बात तो ये बिल्कुल नहीं होनी चाहिए।

## शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया स्वागत

# जो बोले सो निहाल से गूंजायमान हुआ शहर

**गांव फतेहपुर में सुल्तान-उल-क़ौम नवाब जस्सा सिंह अलवालिया की प्रतिमा स्थापित, ऐतिहासिक दिन का साक्षी बना गांव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव फतेहपुर ने एक स्वर्णिम अध्याय रचा। सिख पंथ के महान सेनानायक, मिसल सरदार और 'सुल्तान-उल-क़ौम' की उपाधि से सम्मानित नवाब जस्सा सिंह अलवालिया जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर गाँव में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ से हुआ, जिसके पश्चात अटूट लंगर का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत नवाब साहिब की प्रतिमा को बैंड-बाजों और 'जो बोले सो निहाल' के जयकारों के साथ गाँव के प्रमुख मार्गों से होती हुई भव्य शोभायात्रा द्वारा समाधि स्थल पर स्थापित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजन समिति के प्रधान, सदस्य रूपिंदर वालिया, राजकुमार वालिया, सरपंच सोहन लाल वर्मा, कपिल वालिया, विशाल वालिया, महेंद्र वालिया सहित सभी बिरादरियों के गणमान्य व्यक्ति एवं समस्त ग्रामवासी श्रद्धा और उत्साह से उपस्थित रहे।


नवाब जस्सा सिंह अलवालिया की प्रतिमा।

### कौन थे नवाब जस्सा सिंह अलवालिया

1718 में जन्मे सरदार जस्सा सिंह अलवालिया 18वीं शताब्दी के महानतम सिख योद्धाओं में से एक थे। उन्होंने अपनी अद्वितीय युद्ध-नीति और शौर्य से अहमद शाह अब्दाली जैसे आक्रांताओं को कई बार परास्त किया। 1761 में लाहौर पर कब्ज़ा कर उन्होंने 'सुल्तान-उल-क़ौम' अर्थात 'क़ौम का बादशाह' की उपाधि प्राप्त की। वे न केवल एक कुशल सेनापति थे, बल्कि दल खालसा के सर्वोच्च सेनापति के रूप में उन्होंने बिखरी हुई सिख मिसलों को एकजुट किया। उनका पूरा जीवन सिख पंथ की रक्षा, गुरुद्वारों के निर्माण और मुगलों द्वारा ढहाए गए श्री हरमंदिर साहिब के पुनर्निर्माण को समर्पित रहा। 'वड्डा घल्लूघारा' जैसे कठिन समय में भी उन्होंने अपनी सूझबूझ और बलिदान से सिख क़ौम का नेतृत्व कर उसे बचाए रखा। गाँव फतेहपुर, जो नवाब साहिब के वंशजों का गाँव है, के लिए यह गर्व का क्षण है।

## खेला होबे कहने वालों के साथ पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने कर दिया खेला

# बंगाल वास्तव में अब हुआ आजाद, पंजाब में चुनाव होंगे तब भाजपा की बनेगी सरकार

### विधायक बोले, मतदाताओं ने 'जंगलराज' खत्म करने के लिए भाजपा को चुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना


उचाना। कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

पश्चिम बंगाल में मिली भाजपा को प्रचंड जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। हाइवे स्थित विश्राम गृह में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ ढोल की थाप पर डांस किया। यहां पर कार्यकर्ताओं ने जमकर गुलाल उड़ा खुशी जाहिर की। विधायक ने कहा कि बंगाल के मतदाताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा की नीतियों में मतदाताओं ने विश्वास जताया। बंगाल वास्तव में अब आजाद हुआ है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जो सपना था वो पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने पूरा किया है। प्रचंड बहुमत से भाजपा सत्तासीन हुई है। पहले जब सवाल पूछ जाते थे तो हम पहले की कहते थे कि बंगाल में इस बार जंगलराज खत्म होगा। जो भारत की जनता है वो भाजपा पर विश्वास करती है। वो भाजपा, विकास को चुनेंगे इस चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा को चुना है। इस फैसले पर बंगाल के मतदाताओं को बधाई देता हूं। बंगाल अब विकास की तरफ अग्रसर होगा।

उन्होंने कहा कि जो खेला होबे कहते थे इस बार खेला पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने टीएमसी के साथ कर दिया है। बंगाल का मतदाता जंगलराज से दुखी था। विपक्ष खत्म हो चुका है मतदाताओं को भाजपा पर विश्वास है। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सत्ता में है। भारत विश्वगुरू बनने जा रहा है आज भारत का मतदाता भाजपा के साथ खड़ा है। आज पूरे देश के मतदाताओं में उत्साह है। आज देश, भाजपा के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस चुनाव पर पूरे देश की नजर थी। किसी भी राज्य के चुनाव हो वहां पर भाजपा पर मतदाता विश्वास जता रहे है। जब पंजाब में चुनाव होंगे मतो भाजपा पंजाब में भी सरकार बनाएगी।


**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सुरेंद्र खरकभूरा, श्रवण मांडी, संजय चहल, सतीश जांगड़ा, सत्यनारायण मखंड, रोहताश खटकड़, सतपाल करसिंधु, नरेश सौंगरी, यशपाल कसूहन, एडवोकेट अजय अलीपुरा, प्रवीण गर्ग, पंकज करसिंधु, सतपाल गर्ग, सत्यवान दुर्जनपुर, सौरभ खरकभूरा, प्रमोद पालवां, देवेंद्र मंगलपुर, राजू शर्मा मौजूद रहे।

### बंगाल में प्रचंड विजय राष्ट्रवाद, विकास और संगठन शक्ति की ऐतिहासिक जीत : डॉ. भारत भूषण टाक

जींद। बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति मोर्चा डा. भारत भूषण टाक ने कहा कि यह विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं है बल्कि यह देश की जनता के अटूट विश्वास, विकास की राजनीति और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की एक सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि यह जीत उस विचारधारा की जीत है जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और देशहित में लिए गए साहसिक निर्णयों को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित किए हैं। जिनका प्रभाव पूरे राष्ट्र में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कुशल संगठनात्मक नेतृत्व की भी सराहना करते हुए कहा कि उनकी रणनीति, मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद ने पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया है। डा. टाक ने देश के गृह मंत्री अमित शाह के अद्वितीय संगठन कौशल और चुनावी रणनीति की भी विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त किया। जिसके परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक विजय संभव हो पाई।


जींद। खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि


कैथल। भाजपा की जीत पर जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा की प्रचंड जीत पर कपिल कमल कार्यालय में उड़ा गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय एवं शानदार बढ़त के उपलक्ष्य में भव्य जश्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की विकास और सुशासन की नीति पर विश्वास जताया है, जिसके लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं।

पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भाजपा की यह विजय राष्ट्रवाद, विकास और जनसेवा की जीत है। उन्होंने कहा कि देशभर में भाजपा के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है, जो आने वाले समय में और भी बड़े परिणाम देगा। कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य किया है।

**ये रहे मौजूद**

सुभाष हजवाना, सुरेश संधू व मुनीष शर्मा, कैथल जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल, हिमांशु गोयल, कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, बबीता, मांगेराम जिंदल, शैली मुंजाल, कुलविंदर राणा, जंगीर सिसला व शक्ति सोथा, अवधेश किशोर, हर्ष सेठी, रोशन सैनी, अजय प्रताप राणा, रघुबीर फौजी व हरिचंद जांगड़ा व सोनू खानपुर व सतपाल भारद्वाज, रविंद्र धीमान व गुरनाम, निधि मोहन, अक्षरा गुप्ता, उषा मचल,कर्मवीर जांगड़ा, रिंकू सैनी, विक्की सैनी आदि उपस्थित थे।

### पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में भाजपा की जीत पर पूंडरी में मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिल रहे प्रचंड जनसमर्थन पर पुंडरी विधानसभा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरे माहौल में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक सतपाल जाम्बा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लड्डू बांटे और सभी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिल रहा जनसमर्थन देशभर में भाजपा की नीतियों और नेतृत्व के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा—इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी साझा की और पार्टी की जीत को लेकर अपना विश्वास व्यक्त किया। सभी ने संकल्प लिया कि वे भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।





### मतदाताओं ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देने का काम किया

उचाना। भाजपा के पक्ष में पश्चिम बंगाल चुनाव के परिणाम के बाद भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांट, आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। पुरानी मंडी में मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने भाजपा की जितनी सीटें आई उतने किलो लड्डू बांटे। चेयरमैन ने ये जीत पीएम नरेंद्र मोदी की जीत है। मोदी है तो मुमकिन है ये पश्चिम बंगाल की जीत ने साबित कर दिया है। इस मौके पर प्रवीण गर्ग, ओमदत्त डाहोला, युवाओं ने इस जीत का जश्न एडवोकेट अजय अलीपुरा की अगुवाई में एकत्रित होकर मनाया। एडवोकेट अजय अलीपुरा ने कहा कि पूरे देश की नजर पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम पर थी। यहां पर भाजपा को प्रचंड बहुमत मतदाताओं ने देने का काम किया। जो नफरत की राजनीति पश्चिम बंगाल में हो रही थी उसको वोट की चोट से समाप्त किया है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश थुआ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में जीत दर्ज कर जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया है। 1952 में जनसंघ बनने के बाद लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर जनसंघ ने जीत दर्ज की थी। एक सीट पश्चिम बंगाल की थी। इस जीत ने इतिहास रचने का काम किया है। जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त भारत बना है ये उसकी जीत है।

### बीजेपी की प्रचंड बहुमत से जीत पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

पश्चिम बंगाल, पांडेचरी, असम में बीजेपी की प्रचंड बहुमत से जीत पर कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटे और खुशी मनाई। इस मौके पर गऊ सेवा दल के राष्ट्रीय संयोजक व भाजपा ने अतुल चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने प्रचण्ड बहुमत हासिल कर यह साबित कर दिया है कि बीजेपी के नेतृत्व, सुशासन व विकास की नीतियों को पूरे भारत में पसंद किया जा रहा है। भारत के हर वर्ग के दिल में भाजपा बसती है। जनता के प्यार व भरोसे से ही बीजेपी हर प्रांत व क्षेत्र में बहुत अच्छे मतों सरकार बना रही है। यह जीत जनता के भरोसे की जीत है हर एक कार्यकर्ता ने दिन रात मेहनत की है, जिसकी बदौलत आज बीजेपी का सुशासन लगभग पूरे भारत में स्थापित हुआ है। परिवर्तन की प्रतीक बंगाल की यह महान धरा, विभूतियों, महापुरुषों एवं जन-जन के संघर्ष के फलस्वरूप भारत को सदैव दिशा प्रदान करती रही है।





नरवाना। खुशी मनाते हुए मंत्री कृष्ण बेदी व कार्यकर्ता।

### पश्चिम बंगाल में पार्टी की बंपर जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री ने मनाई खुशी

नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की बंपर जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांट कर खुशी मनाई। सोमवार को जैसे ही पांडुचेरी, असम व पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की खबर मिली तो स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में नरवाना के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों पर नाच कर तथा मिठाई बांट कर एक दूसरे को जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओं के बीच स्वयं कैबिनेट मंत्री ने अपने हाथ से जलेबी लहरा कर और खिलाकर विजयश्री पर खुशी जताई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा कि तीनों राज्यों की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याण के प्रति समर्पण भाव की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार कमल का फूल खिलना वर्तमान सरकार के प्रति आमजन का बढ़ रहा विश्वास जताता है। पश्चिम बंगाल के मतदाता विशेष बधाई के पात्र है, जिन्होंने प्रधानमंत्री के मुख्य विजन कानून का राज एवं सर्वांगीण विकास पर बंपर वोटिंग के माध्यम से मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि जनता में भ्रामक प्रचार की अब कोई जगह नहीं रह गई है, जनता केवल विकास चाहती है और यही वर्तमान में आए चुनाव परिणाम इस सकारात्मक अवधारणा का साक्षी है।

### 24 मई को कैथल में राज्य स्तर पर मनाई जाएगी महर्षि कश्यप जयंती : राम कुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


कैथल। इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए

इंद्री से विधायक एवं हरियाणा सरकार में चीफ व्हीप के चीफ व्हीप राम कुमार कश्यप ने बताया कि आगामी 24 मई को कैथल में महर्षि कश्यप जयंती राज्य स्तर पर भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप सोमवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जयंती समारोह को लेकर आयोजित बैठक में समाज के लोगों संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा महापुरुष विचार सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत महापुरुषों की जयंती को सरकारी तौर पर मनाई जाती है। अब तक अनेकों महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जा चुकी है। इस बार महर्षि कश्यप की जयंती के राज्य स्तरीय समारोह के लिए कैथल को चुना गया है। यह कार्यक्रम कैथल स्थित विस्तार मंडी में आयोजित किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

कश्यप धर्मशाला के प्रधान रोहताश कश्यप, युवा कश्यप जागरूक मंच से नोनी कश्यप, युवा समिति खुराना से बलकार, नरेश कश्यप, सुरेंद्र माजरी, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन सुरेश कश्यप, नरेश कश्यप, बलजीत कश्यप, शमशेर कश्यप, कृष्ण कश्यप रवि कश्यप, रणबीर कश्यप सहित समाज के अन्य गणमान्य लोगों मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र के होटल में महिला से दुष्कर्म जींद पुलिस ने दर्ज की जीरो एफआईआर

जींद। यमुनानगर जिले के एक गांव निवासी विवाहिता से एक युवक ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की वारदात कुरुक्षेत्र में होनी पाई गई थी। यमुनानगर पुलिस ने मामला दर्ज कुरुक्षेत्र पुलिस को भेजना था लेकिन गलती से जींद भेज दिया। अब जींद पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज करके कुरुक्षेत्र पुलिस को भेज दी है। पुलिस को दी शिकायत में यमुनानगर जिले के एक गांव निवासी 31 वर्षीय महिला ने बताया कि योगेश नामक एक युवक ने उसे अपने झांसे में फंसा लिया। वह पहले से ही शादीशुदा थी। आरोपित भी शादीशुदा था। आरोपित ने उसे शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसकी के दम पर वह ब्लैकमेल करता रहा। आरोपित ने उसका 24 नवंबर 2023 से पांच दिसंबर 2024 तक शारीरिक शोषण किया। महिला ने कहा कि आरोपित उसे कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के पास स्थित एक होटल में भी ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित शादी करने से मुकर गया। महिला ने आरोप लगाया कि योगेश के स्वजनों ने भी उसका साथ दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर योगेश समेत दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर नरेश कुमारी ने कहा कि घटना कुरुक्षेत्र में हुई थी। यमुनानगर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज करके कुरुक्षेत्र पुलिस को भेजनी थी लेकिन यह गलती से जींद पुलिस को भेज दी। रिकार्ड में दर्ज होने के कारण जींद पुलिस ने भी जीरो एफआईआर दर्ज करके अब कुरुक्षेत्र पुलिस को भेज दी है। पूरे मामले की जांच अब कुरुक्षेत्र पुलिस ही करेगी।

### जुलाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


जींद। भाजपा पार्टी कार्यालय में जीत की खुशी मनाते हुए कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में पश्चिम बंगाल, असम चुनावी जीत की खुशी जोर-शोर से मनाई। इस अवसर पर जुलाना स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने किया। जिनकी अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर और नारे लगाकर जीत का जश्न मनाया। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि यह जीत पार्टी की जनहितैषी नीतियों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है, जो देश के समग्र विकास और आमजन के कल्याण के लिए समर्पित हैं। मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने भी इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती का प्रमाण है। इस मौके पर नगर पालिका के कार्यकारी अध्यक्ष पवन सैनी और मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन प्रवीण कश्यप ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पारदर्शी कार्यशैली और जनकल्याणकारी योजनाओं ने जनता का दिल जीता ह,ए जिसके चलते पार्टी को लगातार सफलता मिल रही है। कार्यक्रम में राममेहर कौशिक, मंगत राम, जयबीर, कर्मवीर, बलजीत, सोहन सैनी, पार्षद रिंकू और राजेश सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और आगामी चुनावों में भी इसी तरह सफलता हासिल करने का संकल्प लिया।

### पंचायत समिति पूंडरी के चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 14 मई को होगी बैठक

कैथल। एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पंचायत समिति पूंडरी के चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलाई गई है। इसको लेकर आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति पूंडरी के 20 सदस्यों ने चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। इसी के चलते 14 मई 2026 को सुबह 11 बजे पंचायत समिति पूंडरी के सभागार में बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है। बैठक का नोटिस हरियाणा पंचायती राज नियम, 1995 की धारा 123 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। इस बैठक की सूचना आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भेजी गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## बहुत से लोगों को इस बीमारी की शुरुआत में पता नहीं चलता

# विश्व अस्थमा दिवसः अस्थमा रोगियों की बढ़ रही संख्या

- प्रतिदिन आ रहे 10 के आसपास मरीज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिले में अस्थमा रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन 10 के आसपास अस्थमा रोगी उपचार के लिए आ रहे हैं। बहुत से लोगों को इस बीमारी की शुरुआत में पता नहीं चलता। जब उनको इनहेलर की जरूरत पड़ती है, तभी इसके बारे में पता चलता है। यदि शुरुआत में ही बीमारी का पता चल जाए और उपचार किया जाए तो इस बीमारी से बचाव संभव है। जिले में चार हजार के आसपास लोग इनहेलर का प्रयोग करते हैं। यह अस्पताल से दवाई भी लेते हैं।


जींद। अस्पताल में उपचार के लिए आए लोग फोटो : हरिभूमि

### अस्थमा फेफडों की बीमारी

अस्थमा एक फेफडों की बीमारी है। इसमें सांस की नली में सूजन और उसके सिकुडने के कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। इससे सीने में जकडन और घबराहट महसूस होती है। इस बीमारी से पीड़ित मरीज को धूल, धुआं से बच कर रहना चाहिए। जिस समय वायु प्रदूषण ज्यादा होता है, यह बीमारी ज्यादा बढ़ जाती है। जिन लोगों को घबराहट होती है, सांस छोड़ते समय सीटी जैसी आवाज आती है तो समझ लेना चाहिए कि आपको अस्थमा है। इसमें खांसी भी उठती है। सांस फूल जाता है। काफी देर बाद व्यक्ति को सांस ठीक प्रकार से आता है। सुबह व रात के समय खांसी अधिक होती है। इस कारण बार-बार नींद टूट जाती है।

### रोगियों के लिए धूल और धुआं जहर के समान



नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि अक्टूबर व नवंबर में जब वायु प्रदूषण अधिक होता है, तब इसका खतरा ज्यादा होता है। किसी व्यक्ति को सुबह व रात के समय खांसी उठती है तो उसे तुरंत जांच करवानी चाहिए। अस्थमा रोगियों के लिए धूल और धुआं जहर के समान है। मरीजों को इससे बचना चाहिए। जब वातावरण शुद्ध होए तभी सैर करनी चाहिए। चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवाइयों व इनहेलर का प्रयोग करना चाहिए।

### अस्थमा से बचाव के उपाय

इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को धूल, पालतु जानवरों, धुएं, पराग कणों और प्रदूषण से बचना चाहिए। धूम्रपान बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। यदि आपके पास कोई व्यक्ति धूम्रपान भी कर रहा है तो उसका असर भी आप पर पड़ता है। इस बीमारी से पीड़ित मरीज को इनहेलर का प्रयोग करना चाहिए। सुबह के समय सैर करनी चाहिए। तेज दौड़ से बचाना चाहिए। जिस समय वायु प्रदूषण बढ़ जाए उस समय सुबह की सैर बंद कर देनी चाहिए।